an>

Title: Need to address difficulties in the implementation of MNREGA.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : माननीय चेयरमैन साहब, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए धन्यवाद। माननीय रूरल डैवलपमैंट और पंचायती राज मंत्री भी यहाँ विराज रहे हैं, यह बड़ी खुशी की बात है। मैं इनके समक्ष अभी एक पूरे देश और मेरी स्टेट से संबंधित समस्या रखना चाह रहा हूँ। In fact, I was taking a meeting to review the Centrally-sponsored Schemes in the Nagaur District. रिव्यू करते समय मनरेगा जो कि एक बहुत अच्छी योजना है और जिसमें करोड़ों लोगों को रोज़गार मिल रहा है, उससे संबंधित गाइडलाइन्स में दो-तीन बिन्दु ऐसे आए हैं जिसके कारण लोगों को काम कराने में प्राबलम आ रही है। The first one is regarding material and labour component, and the ratio of material and labour component is 40:60. इसमें 60 लेबर है और 40 मैटीरियल है। All public representatives wanted that this ratio should be 50:50. तो पहले मनरेगा में इसको 50:50 करने का निवेदन है।

The second major problem is this. All the public representatives requested for the tender system in that meeting, and they wanted that the tender system should not be there because a lot of contractors give very low rate in comparison to the BSR rates, that is, 35 per cent below the BSR rates. Due to this, we cannot expect good quality work. In MGNREGA, we want durable type of work. हम चाहते हैं कि अच्छे कार्य हों। अगर अच्छे कार्य करवाना चाहते हैं तो टैन्डर्स न रखकर टैन्डर की जगह गवर्नमैंट की और पी.डब्लू.डी. डिपार्टमैंट के जो डिस्ट्रिक्टवाइज़ रेट्स हैं, उन रेट्स पर पंचायतों को काम करने के लिए अलाउ करना चाहिए। यह उनकी मेजर मांग थी। Hon. Chairperson, Sir, please give me half a minute more. The hon. Minister is here.

तीसरी मेजर डिमांड थी कि जो लेबर की पेमेन्ट वेजेज़ हैं, वे मनरेगा के अंदर काफी कम हैं। इस कारण से वे लोग उसमें जा रहे हैं। नाम तो जाब कार्ड पर कोई भी लिखा रखा है, लेकिन काम करीब करीब मशीनों और जेसीबी से हो रहे हैं because old persons and old ladies are going there. इस कारण से अच्छी क्वालिटी का काम नहीं हो पा रहा है। इसलिए हरेक राज्य में जो एवरेज लेबर रेट आ रहा है, जो श्रमिकों के लिए 250 रुपये या 300 रुपये हो, जो भी उस राज्य के रेट्स हैं, उसकी तुलना में यदि लेबर रेट मनरेगा में किया जाए तो अच्छे कार्यों की अपेक्षा की जाती है। इससे पूरे देश के अंदर, पूरे राज्य में, हमारे राज्य में और हमारे क्षेत्र में क्वालिटी के वर्क्स होंगे। माननीय मंत्री जी यहाँ विराजे हैं, और आपको बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने हमें समय दिया और पूरे देश और राज्य से संबंधित समस्या को यहाँ उपस्थित करने का अवसर दिया।

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri C.R.Chaudhary.